## लखनऊ से दिल्ली, बेंगलुरु और गोवा के लिए नई विमान सेवा शुरू

# उत्तर प्रदेश की हवाई सफर में लंबी उड़ान

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लखनऊ से नई दिल्ली, बेंगलुरु, गोवा, कोलकाता और मुंबई तक आवागमन अब और आसान हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नई दिल्ली, बेंगलुरु और गोवा के लिए एयर एशिया की नई उड़ान सेवा का शुभारंभ किया, जबकि कोलकाता और मुंबई की उड़ान अगले माह से शुरू हो जाएगी।




लखनऊ में शुक्रवार को एयर एशिया की उड़ानें शुरू होने के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कंपनी के सीईओ सुनील भास्करन।



यूपी की अपार क्षमता को बढ़ावा देने के लिए हाल के समय में 63 नए रूट जोड़े गए हैं। जल्द ही इसे बढ़ाकर 108 रूट तक करने की तैयारी है।

–ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री

मुख्यमंत्री योगी ने बेहतर कनेक्टिविटी को विकास की गति तेज करने का सहज माध्यम बताते हुए यूपी को कनेक्टिविटी के लिहाज से सर्वोत्तम प्रदेश बनाने का संकल्प भी दोहराया। वहीं प्रदेश में हवाई सेवा को बेहतर करने की मुख्यमंत्री की कोशिशों की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई हवाई सेवाओं के लिए लखनऊ को बधाई दी है।

लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह हवाईअड्डा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने तीन शहरों के लिए एयर एशिया की उड़ान सेवाओं की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई 'उड़ान' योजना का उत्तर प्रदेश ने अत्यधिक लाभ प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हवाई चप्पल पहनने वाले आम आदमी के भी हवाई उड़ान का सपना देखा था। उत्तर प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाएं इस स्वप्न के साकार होने जैसी हैं।

सीएम ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में मुख्यतः लखनऊ और वाराणसी में ही एयरपोर्ट थे। गोरखपुर और आगरा में आंशिक रूप से क्रियाशील एयरपोर्ट थे। तब चार एयरपोर्ट से मात्र 25 गंतव्यों तक वायुसेवा उपलब्ध थी, आज नौ एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। अकेले लखनऊ में पांच साल से पहले जहां 15 शहरों तक उड़ान सेवा थी, आज 30 से ज्यादा शहरों के लिए फ्लाइट उपलब्ध है।

> विकास में कनेक्टिविटी का बड़ा योगदान P02